<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>'समर कैंप से होता समग्र व्यक्तित्व विकास'</u>

विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग के स्टूडेंट रेडी प्रोग्राम के अंतर्गत डा. छाया शुक्ला के मार्गदर्शन में 29 मई से 14 जून तक चले पन्द्रह–दिवसीय 'फंन फिनिटीः समर कैंप' का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की अधिष्ठात्री डा. अलका गोयल रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय की कुलसचिव डा. दीपा विनय उपस्थित थी। समर कैंप का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों को इवेंट मैनेजमेंट क्षेत्र में प्रयोग इवेंट की परिकल्पना योजना एवं व्यवहारिक क्रियान्वयन की शिक्षा प्रदान करना था। समर कैंप में कक्षा 3 से 12 तक पढ़ने वाले स्कूली विद्यार्थियों को कैलीग्राफी, पेपर क्राफ्ट, मंडाला आर्ट, स्टोन पेंटिंग, फन गेम्स आदि के माध्यम से कौशल विकास, पारस्परिक सहयोग की भावना, नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की कला, पर्यावरण के प्रति सजगता, खेल–खेल में जीवन के मूल मंत्रों की दीक्षा आदि सम्मिलित रहा।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि डा. अलका गोयल ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के समर कैंप ग्रीष्मकालीन अवधि में गुणवत्तापूर्ण कौशल विकास के लिए अतिआवश्यक है। बच्चों में आपसी सहयोग की भावना के विकास के साथ–साथ नई चीजों को सीखने की इच्छा एवं दृढ़ शक्ति विकसित होती है जिससे वे भविष्य में राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित होते हैं। कुलसचिव डा. दीपा विनय ने मूल मंत्र के रूप में माता–पिता से अपेक्षा की कि वे अपने बच्चों को सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाले इस तरह के समर कैंप में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। बच्चों की समग्र विकास में समर कैंप की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि समर कैंप बच्चों में सोचने समझने की शक्ति को विस्तारित करने के साथ–साथ उनमें आत्मविश्वास, कुछ अच्छा कर गुजरने की इच्छा शक्ति, वैचारिक दृष्टिकोण में परिपक्वता, आपसी समझ, सहयोग की भावना आदि महत्वपूर्ण गुणों के विकास में सहायक होता है। आयोजक मंडल को भी उन्होंने मार्गदर्शन दिया कि बच्चों को पर्यावरण से जोड़ने के लिए समर कैंप में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु भी एक अवयव समाहित किया जाना चाहिए। इस समर कैंप में श्री विश्वजीत मंडल द्वारा कुल 40 विद्यार्थियों को कैलीग्राफी सिखाई गई। बच्चों द्वारा प्रकृति के पांचों तत्वों पर आधारित एक फैशन शो भी प्रदर्शित किया गया जिसमें बच्चों ने प्लास्टिक प्रदूषण हटाने वृक्ष लगाने जल संचय वायु प्रदूषण एवं ध्वनि प्रदूषण काम करने संबंधी संदेशों को प्रसारित किया। इस अवसर पर बच्चों के माता–पिता के साथ–साथ विभाग अध्यक्ष डा. अदिति वत्स, डा. सीमा क्वात्रा, डा. अनुपमा पाण्डेय, श्री अभीक खस्तगीर, डा. दिव्या सिंह, डा. संध्या रानी, डा. सुनीता शर्मा आदि उपस्थित रहे।

2. विद्यार्थियों के साथ अधिकारीगण।

निदेशक संचार